Best Selling BLOG and MAGAZINE
Theme of All Time
Experience the change!



# सजग और समझदार युवा: पयविरण संरक्षण की नींव

By **Shreyash Panchal** November 28, 2022




**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने अरावली यात्रा में भाग लिया . इस यात्रा का आयोजन सेव अरावली ट्रस्ट नामक एनजीओ के द्वारा किया गया जो लगातार कई वर्षों से अरावली के जंगलों के संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है और और सरकार से इन्हें ना काटने के लिए आंदोलन कर रही है. इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य जनमानस को जंगलों की दशा और उपयोगिता दिखाना और उनके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना था. जिस प्रकृति ने हमें इतने संसाधन दिए हम सिर्फ उसका भोग कर रहे हैं, तो अब समय है हम अपनी धरती मां की सुरक्षा करें और उसका कर्ज चुकाएं . ट्रस्ट के माननीय समन्वयक श्री जितेंद्र भडाना श्री पंकज ग्रोवर और श्री यश जी के नेतृत्व में इस यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा की कुल दूरी 4 किलोमीटर थी और सुबह 7:30 बजे से मोहब्बताबाद से इस यात्रा का शुभारंभ हुआ. दिल्ली एनसीआर के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने इसमें भाग लिया .प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी के दिशा निर्देशन में एनएसएस इकाई II के 10 स्वयंसेवकों ने इस यात्रा में भागीदारी की .प्राचार्य ने वन संरक्षण की दिशा में इसे कारगर कदम बताया और इस यात्रा को अपने आप में एक अनूठी पहल बताया . उन्होंने युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और समझदारी सुनिश्चित करने संदेश दिया. कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य जी ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शोभना गोयल और सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आग्रह किया.